# साहित्य अकादेमी ने 24 युवा लेखकों को पुरस्कृत किया

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

साहित्य अकादेमी द्वारा मंगलवार को 24 भारतीय भाषाओं के विशिष्ट युवा लेखकों को सायं 5 बजे त्रिवेणी कला संगम, तानसेन मार्ग नई दिल्ली-1 में साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2022 से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार साहित्य अकादेमी के उपाध्यक्ष माधव कौशिक एवं मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार ममता कालिया द्वारा प्रदान किए गए। पुरस्कार विजेताओं को एक उत्कीर्ण ताम्र-फलक और प्रत्येक को रुपए 50,000 की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना से हुआ। सचिव के. श्रीनिवासराव ने उपाध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि युवा हर समाज को स्पंदित रखते हैं और परिवर्तन का प्रतीक हैं, अतः भविष्य के वृक्ष के रूप में उनको प्रोत्साहित एवं सुरक्षा देना हम सभी का कर्त्तव्य है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में साहित्य अकादेमी के उपाध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि आज के पुरस्कृत युवा लेखक एक नए भारतीय परिवेश का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें भाषा की बाध्यता अब कोई महत्तवपूर्ण बात नहीं रह गई है। नई पीढ़ी के पास अभिव्यक्ति के अनेक नए साधन हैं और वे अब कई



विधाओं का अतिक्रमण कर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में अपने वक्तव्य में ममता कालिया ने कहा कि अब का युवा सच में युवा है और उसके पास विचारों से लेकर अन्य सभी जानकारियों की उपलब्धता है। उनका लेखन आशा से भरा हुआ है। कई मंचों पर सक्रिय यह नई पीढ़ी नई ऊर्जा से भरपूर है और उसका हर कृत्य उत्साहजनक है। ममता कालिया ने युवा पीढ़ी को आगाह भी किया कि लिखने से पहले क्या नहीं लिखना है, उस पर विचार करना जरूरी है। विषय का चयन ही उत्कृष्ट रचना का आधार बनता है। उन्होंने सभी युवा पुरस्कार विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुरस्कार उन्हें एक कंदील की तरह नए पुरस्कार जीतने की रोशनी और उत्साह प्रदान करेगा। युवा पुरस्कार 2022 पुरस्कार से पुरस्कृत होने वाले लेखक थे. प्रद्युम्न कुमार गोगोई, बाङ्ला,अलंबार मुसाहारि, बर, आशु शर्मा, खेनी, गुजराती,भगवंत अनमोल, हिंदी, दादापीर जैमन।